## 1 अरब 22 करोड़ 29 लाख 51 हजार का बजट हुआ पेश

# एक साल में आधुनिक बस स्टैण्ड के साथ कैमरों से लैस होगा धनपुरी

**महिलाओं को आत्मनिर्भर, युवाओं को खेल से जोडने पर जोर**

**हर माह लाखों के विद्युत बिल से सौर ऊर्जा दिलायेगी निजाद**

जिले की समस्त नगर परिषदों के वार्षिक बजट से कई गुना अधिक धनपुरी के वाशिंदो पर खर्च करने की कार्य योजना परिषद के वार्षिक बजट में बनाई गई है, आधुनिक बस स्टैण्ड, मॉडल रोड, हर वार्ड को कैमरे से लैस करने के साथ ही महिला सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षण और युवाओं को खेल से जोडने के साथ ही शिक्षा क्षेत्र में एक अरब से अधिक खर्च करने की कार्य योजना पर मोहर लगाई गई।

धनपुरी।




सवा अरब के आस-पास आगामी एक साल में नागरिकों की सुख-सुविधाओं के लिए सरकारी खजाने से खर्च करने की योजना परिषद के 28 पार्षदों ने मिलकर बनाई, हालाकि भाजपा के अध्यक्ष और परिषद के अधिकारियों ने मिलकर इस योजना को तैयार किया, लेकिन उस पर अंतिम मोहर लगाने में भाजपा से अधिक कांग्रेस के पार्षद उत्सुक और आवेश में नजर आये। बैठक के दौरान सवा अरब की कार्य योजना का खाका लेखाधिकारी ने सबके सामने रखा और बाकी सब सर हिलाते नजर आये। आगामी एक वर्ष में जिन योजनाओं को चालू करने पर सभी की सहमति बनी उसमें बस स्टैण्ड निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षण तथा स्व सहायता समूहों का निर्माण, युवा शक्ति में खेल भावना जगाने के लिए खेल का प्रावधान, शिक्षा क्षेत्र में प्रावधान के अलावा हर माह सरकारी खजाने से विद्युत मण्डल को दिये जाने वाला लाखो रूपये का भुगतान कम करने के लिए परिषद में सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग करने पर भी मोहर लगाई गई, अर्से से रूकी दो मॉडल रोड के निर्माण पर स्वीकृति भी लगाई गई, जिसमें बगईया पुल से हनुमान मंदिर तथा सुभाष तिराहे से अमलाई थाने तक सडक़ का निर्माण शामिल है। रात्रि प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए टू-फेस लाईन को थ्री फेस लाईन में अपडेट करने का प्रावधान रखा गया, जिससे सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था चल सके, इसके अलावा नगर पालिका के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए यूनिफार्म के साथ ही सभी वार्डो व चौराहों को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने का भी प्रस्ताव और सहमति पर मोहर लगाई गई।

### सीएमओ की पहली बैठक

नए सीएमओ पूजा बुनकर की परिषद की पहली बैठक मैं सभी पार्षदों ने अपना परिचय देते हुए रूबरू होते हुए नगर का अधिकार अधिक विकास हो, योजनाओं का लाभ मिले, नागरिकों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने की बात कही है। नगर पालिका धनपुरी का सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025- 26 का नगर पालिका परिषद बजट नगरपालिका के लेखा अधिकारी पीयूष द्विवेदी द्वारा 1 अरब 22 करोड़ 29 लाख 51 हजार का पेश किया गया है। परिषद की बैठक में कार्यपालिका अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तुत बजट पर विचार के साथ ही 2024 तक के आय-व्यय का अनुमोदन किया।

### स्वच्छ पानी की व्यवस्था पर जोर

नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में गुरुवार को 1 अरब 22 करोड़ 29 लाख 51 हजार रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है। स्थानीय नगर पालिका सभागार में बजट संबंधी बैठक आहूत की गई, जिसमें नगरपालिका के सभी 28 वार्डों के पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, नगर पालिका सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर विधायक प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा सहित नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद की बजट बैठक सुबह 11 प्रारंभ हुई और दोपहर 03 बजे तक चली। परिषद की बैठक में बजट को लेकर चर्चा थी बजट पेश किया, लेकिन आंकड़े को लेकर पार्षद बार बार पूछते रहे, वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद सुकृति सिंह ने परिषद में नगर में फैल रहे पीलिया के लिए आवाज़ उठाई, उन्होंने कहा कि इस समय नगर में हर दूसरे घर में एक पीलिया के मरीज हैं, उन्होंने कहा कि जब डॉक्टर से बात की तो, उन्होंने कहा की पानी खराब होने के वजह से और खान-पान के वजह से पीलिया होता, उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड में हॉस्पिटल है, उसमें पीलिया के मरीज की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, उन्होंने कहा कि जो नगर में नाली के नीचे पाइपलाइन गई हुई है काफी जगह फटी हुई है, उसे जल्द से जल्द सुधार किया जाए, ऐसे लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके।

### डायलिसिस मशीन लगाने उठी मांग

वार्ड नंबर 17 पार्षद व उपाध्यक्ष हनुमान खण्डेलवाल ने कहा कि धनपुरी नगर का ह्रदय स्थल आजाद चौक में लगा हुआ फब्बारा बंद रहता है, उसे ठीक कराया जाऐ, लाईट लगाई जाएं, जिससे शाम को फुब्बारे लाइट का लुफ्त नगरवासी उठा सकें। नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका का छोटा-मोटा काम करने वाले ठेकेदारों का बिल पेंडिंग को लेकर इंजीनियर से बिल पेमेंट करने को कहा गया। वार्ड नंबर 18 के पार्षद आनंद मोहन जायसवाल ने कहा कि कई बार डायलिसिस मशीन लगाने की बात कही गई, जो अभी तक नहीं हुआ। सरकार कि कौन-कौन सी योजनाएं क्रियान्वित है और कौन सी बंद हो गई, जिसकी जानकारी ना पार्षदों को है ना नगर वासियों को सभी योजनाऐ का एक फ्लेक्सी टांगी जाए, जिससे लोगों को जानकारी लाभ मिल सके।

### मॉडल रोड की उठी मांग

परिषद के बैठक में वार्ड क्रमांक,17,18,4,24 व अन्य पार्षदों ने धनपुरी नगर ह्रदय स्थल से जुड़े विकास कार्य को गति देने के लिए नगर पालिका के पार्षदो के द्वारा एक बार फिर से मॉडल रोड का निर्माण कराऐ जाने को लेकर सभी आवाज उठाई। कहां की नगर के 90 प्रतिशत लोग मॉडल रोड बनाने को लेकर तैयार हैं। फिर नगर पालिका आगे की कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है , जबकि ब्यौहारी, उमरिया, कोतमा आदि स्थानों पर रोड पर कम जगह होने के बाद भी मॉडल रोड बनाए गए हैं, फिर धनपुरी नगर पालिका क्यों नहीं बना रही है, जिससे नगर का विकास सौंदर्णीकरण देखने को मिले। सीसी कैमरा धनपुरी आजाद चौक नगर के तिराहे चौराहे में लगाने की चर्चा की गई। पार्षदों के द्वारा वार्ड नंबर 27 डोगरिया सिद्ध बाबा खेल मैदान पर गोल पोस्ट लगाने की चर्चा की गई।

### इन बिन्दुओं पर विशेष चर्चा

पेयजल पाइपलाइन के विस्तार किए जाने संपत्ति कर को लेकर लोगों को सही जानकारी दी जाए, नगर पालिका कर्मचारियों के लिए ड्रेस देने की चर्चा, पशु पंजीयन शुल्क, वार्ड क्रमांक 2 हाउसिंग बोर्ड विचार विमर्श किया गया , हाउस टैक्स को लेकर गहन चर्चा हुई। जलकर की वसूली को लेकर चर्चा की गई। प्राइवेट कंपनी द्वारा मतगणना कराया जाएगा, जिससे योजनाओं का लाभ कितने लोगों को मिल रहा है, कितने लोगों को नहीं मिल रहा है। एक डाटा तैयार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने खंड स्तरीय शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षक विद्यालयो में निर्धारित समय में नियमित रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो इसके लिए निरंतर कार्य करें। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने परीक्षा परिणामों, साइकिल वितरण जैसे अन्य शिक्षा विभाग के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

### हितग्राही कराए 31 मार्च तक ई-के. वाई. सी.

**शहडोल।** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1.00 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20.00 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-के. वाई. सी. नही हुई है, वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर 31 मार्च के पूर्व ई-के. वाई. सी. अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### जमीन के दलालों की शासकीय भूमि पर गिद्ध नजर

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से सटे सोहागपुर तहसील के ग्राम पंचायत गोरतरा स्थित कीमती शासकीय भूमि खसरा नंबर 53 एवं 54 को जमीन के दलालों के द्वारा बाउण्ड्रीबाल बनाकर कब्जा कर सौदेबाजी करने की फिराक में हैं, शिकायतकर्ता ने उक्त भू-खण्ड पर रोक लगाने की मांग की है, शिकायतकर्ता हारून रशीद खान ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में उल्लेख किया कि ग्राम पंचायत गोरतरा, पटवारी हलका गोरतरा, तहसील सोहागपुर स्थित शासकीय आराजी खसरा नंबर 53 एवं 54 नम्बर की भूमि जो ग्राम पंचायत की आंगनबाड़ी भवन के लिए सुरक्षित भूमि है, जो मेन रोड से लगी बेसकीमती भूमि है, जिसे जमीन के दलालों के द्वारा सरपंच व सचिव के साथ मिल कर खेल-खेला जा रहा है, खसरा नंबर 53 जो आंगनबाड़ी भवन के लिए अनुमोदित भूमि है, उक्त भूमि पर बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कर कब्जा कर उक्त भूमि को विक्रय कर देना चाहते है। उक्त संबंध की शिकायत भी पूर्व ग्रामवासियों के द्वारा तहसीलदार सोहागपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के समक्ष की गई, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिससे जमीन के दलालों के हौसले बुंलद है और वह शासकीय भूमि पर कब्जा कर बेसकीमती भूमि का विक्रय ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव की सांठ-गांठ से विक्रय कर देना चाहता है। शिकायतकर्ता ने उक्त शासकीय भू-खण्ड पर किये गये अवैध कब्जा को शीघ्र हटवाये जाने एवं म.प्र.शासन की भूमि को सुरक्षित करने की मांग की है।

### बाल संरक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला संपन्न



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के मानस भवन में बाल संरक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सदस्य, बाल कल्याण समिति श्रीमती मेघा पवार ने कहा कि ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल संरक्षण समिति यह सुनिश्चित करे कि एक भी बच्चा कठिन परिस्थितियों में न रह पाए व संकल्प लें कि एक भी बालक अनाथ या निराश्रित न रह पाए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बाल अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



## रेलवे मजदूर कांग्रेस का अधिवेशन संपन्न
## शहडोल शाखा की नई कार्यकारिणी बनाई गई

**शहडोल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारी की मौजूदगी में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल का द्विवर्षीय अधिवेशन गुरुवार को यूनियन कार्यालय शहडोल में संपन्न हुआ। इस मौके में बिलासपुर मंडल के केंद्रीय पदाधिकारी में मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, अर्बन बैंक डायरेक्टर एवं केंद्रीय पदाधिकारी रामकुमार यादव, केंद्रीय कोषाध्यक्ष डी,.के.स्वाई की उपस्थिति में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल के नए पदाधिकारी को मनोनीत किया गया, जिसमें शाखा सचिव के रूप में बालाकृष्णा बंगारी, शाखा अध्यक्ष प्रभास कुमार, उपाध्यक्ष सी. एन. सिंह के अलावा 9 अन्य लोगों को शाखा शहडोल के पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौपी गई है। इस संबंध में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि इस बार मुख्य शाखा के पदाधिकारी के अलावा रनिंग शाखा, इंजीनियरिंग शाखा एवं युवा समूह शाखा भी बनाया गया। कार्य कुशलता के आधार पर यूनियन के कार्यकर्ताओं को मुख्य शाखा से जुडने का मौका मिलेगा । शाखा शहडोल में आयोजित द्वि-वर्षीय अधिवेशन कार्यक्रम में सैकड़ो रेलवे कर्मचारी की उपस्थिति रही।

## कलचुरी समाज ने हर्षोल्लास से खेली होली, उन्मुक्त वातावरण में खूब उड़े रंग गुलाल







धनपुरी।

हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज, कोयलांचल क्षेत्र, धनपुरी-बुढ़ार के द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर दिनांक 19 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम हर्ष और उल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला अर्पित कर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के ललाट पर सभी ने गुलाल का तिलक लगाया। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने संगीत के धुन में एक दूसरे के मस्तक पर गुलाल का तिलक लगाया व एक-दूसरे को होली की बधाई दी वहीं बच्चों ने भी खूब गुलाल उड़ाया। सभी होली के गीतों पर खूब थिरके महिलाओं के मनमोहक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियों ने तो सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने स्वादिष्ट स्वल्पाहार का लुत्फ उठाया। स्वजातीय जनों ने कहा कि हमें अपने त्योहारों को उन्मुक्त होकर उल्लास भाव एवं पवित्र मन से मनाना चाहिये क्योंकि सनातन धर्म में प्रत्येक त्योहारों को मनाने के पीछे विशेष महत्व होता है। होली में अबीर गुलाल से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### इनकी रही उपस्थिति

होली मिलन कार्यक्रम श्री सतीश राय के निवास में आहूत की गई थी जिसमें आनन्द मोहन जायसवाल, केशव राय, पी.के. भगत, सुनील राय, अजय जायसवाल, सुरेन्द्र जायसवाल, अरुण जायसवाल (बबलू), अनिल जायसवाल (आजाद चौक), मनीष जायसवाल (एड.), सतीश राय, नारायण जायसवाल, जुगन्ती बाई जायसवाल, ललिता जायसवाल, बबिता जायसवाल, बिन्दा भगत, शान्ति जायसवाल, सरिता जायसवाल, माया जायसवाल, रश्मि जायसवाल, चन्द्रकिरण जायसवाल, शैलू राय, सुधा राय, नितिमा जायसवाल, वीणा जायसवाल, ममता राय, अलका राय, स्मिता जायसवाल, जानकी राय, जगमोहन जायसवाल, अरुण राय (मुन्ना), अक्षांश जायसवाल, शिवम जायसवाल, मुकेश चौकसे, रामप्रकाश जायसवाल (मनीष), रतन चौकसे, दुर्गा राय, हरीष राय, अभय जायसवाल, आकाश जायसवाल, स्नेहा राय, पूनम राय, ऋतु चौकसे, समीक्षा राय, पीहू राय, अंजू जायसवाल, बीना राय, कल्पना राय, सौम्या भगत, मानसी चौकसे, शिवबालक जायसवाल, सौरभ राय, सुमित राय, कमला राय, उत्कर्ष जायसवाल, शुभम जायसवाल आदि की उपस्थिति रही।

## 89 नग अवैध नशीली दवाई के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



शहडोल।


पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हेतु 19 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि रितेश सिंह व पवन सोनी नाम के व्यक्ति, बंगबार कालोनी में अवैध कालरी के क्वाटर में अवैध नशीली दवाई कोरेक्स बिक्री करने के लिए रखे है, यदि तत्काल घेराबन्दी की जाए तो, रितेश सिंह व पवन सोनी को रंगे हाथ कोरेक्स सहित पकड़ा जा सकता हैं। थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर बंगबार कालोनी कालरी क्वाटर नंबर एम/326 में घेराबन्दी कर दबिश दी गई है, आरोपी पवन सोनी उर्फ पवनराज पिता फूलचन्द सोनी उम्र 27 साल निवासी क्वाटर नं. एम /37 बंगबार कालोनी , रितेश कुमार पिता अरूण कुमार उम्र 24 साल निवासी क्वाटर नं. एम /395 बंगबार कालोनी थाना धनपुरी कालरी क्वाटर में पकड़ाये, कालरी क्वाटर की तलाशी ली गई, जिसमें 84 नग कोडीन युक्त नशीली दवाई, कफ सिरफ बरामद हुई, आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 84 नग कोरेक्स कफ सिरप, 02 नग वीवो कम्पनी के मोबाइल जप्त किये गये व आरोपियों से पूछताछ की गई, दोनो आरोपियों द्वारा उक्त नशीली दवाई कोरेक्स को मो. जफर उर्फ राजाबाबू निवासी धनपुरी से बिक्री करने के लिए खरीदकर लाना बताये व आरोपी मो. जफर उर्फ राजाबाबू की पता तलाश की गई जो कब्रिस्तान रोड धनपुरी में मिला जिसकी तलाशी ली गई, जिसके पास से 05 नग नशीली दवाई कोरेक्स व एक नग मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने कुल 89 नग आनरेक्स कफ सिरप, 03 नग मोबाइल फोन कुल कीमती 41380 रूपये का मसरूका जप्त किया गया। तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर वापस थाना लाया. गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपियों को 20 मार्च को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। मामले से संबंधित एक आरोपी फरार है। आरोपीगण पवन सोनी तथा मो. जफर उर्फ राजाबाबू पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलो में जेल जा चुके है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो के साथ उप निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह, आर. पी. प्रजापति, सहायक उपनिरीक्षक राजाभइया बागरी, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, आरक्षक कोमल, अजय सिंह, सतवंत, महिला आरक्षक रूपकुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गमी में पहुंचे लोगों की ग्रामीणों ने की पिटाई, वाहनों को किया आग के हवाले

**शहडोल।** जिले में रिश्तेदार के गमी कार्यक्रम में पहुंचे दूसरे गांव के लोगों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने न केवल उन्हें पीट-पीटकर घायल किया, बल्कि उनके वाहनों में भी आग लगा दी। काफी देर चले विवाद के बाद अन्य ग्रामीणों ने मामला शांत कराया, जिसके बाद दूसरे गांव से आए लोगों की जान बच सकी। हालांकि, अपने बचाव में दूसरे गांव के लोगों ने भी मारपीट की। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र कूदरा टोला के ग्रामीणों और पड़ोस के गांव के लोगों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, वाहनों को आग लगाने के मामले में दूसरे पक्ष पर आगजनी का भी केस दर्ज किया गया है। दरअसल, गत दिवस गमी के कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक लोग ट्रैक्टर, बाइक और अन्य वाहनों से कूदरा टोला गांव पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान गांव के दर्जनों लोगों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। मारपीट से बचने के लिए पीड़ित पक्ष ने भी दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला किया। हमला करने वालों ने दूसरे गांव के लोगों के ट्रैक्टर और बाइक में आग भी लगा दी, जिससे कई वाहन जल गए। ग्रामीणों के अनुसार ब्यौहारी के कूदरा टोला गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी 19 फरवरी को लापता हो गई थी। पांच दिन बाद उसकी लाश कोठरी जंगल में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि पुलिस को मौके पर ही पोस्टमार्टम कराना पड़ा। किशोरी के परिजनों को शक था कि पड़ोस के गांव में रहने वाले युवक के कारण उसकी जान गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष पर आगजनी का भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस मारपीट समेत किशोरी की मौत को लेकर जांच कर रही है।

## विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद का हुआ भव्य आयोजन

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस युवा संसद में शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिलों के 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान युवा प्रतिभागियों ने एक देश एक चुनाव पर विचार प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहा। विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार ने विशद व्यख्या करते हुए कहा कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, यहां चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन वर्तमान प्रणाली में बार-बार होने वाले चुनाव न केवल प्रशासनिक बाधाएँ खड़ी करते हैं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी कई समस्याएं उत्पन्न करते हैं। ऐसे में एक देश, एक चुनाव की परिकल्पना भारत को एक सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर ले जा सकती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आयुक्त सुरभि गुप्ता ने कहा कि अगर हम एक सशक्त और विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमें बार-बार चुनाव की समस्या को दूर करना होगा। चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ हैं, लेकिन इनका आयोजन ऐसा होना चाहिए, जिससे न केवल शासन सुचारू रूप से चले, बल्कि जनता को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। आइए, हम सब मिलकर इस विषय पर विचार करें और देश के हित में सही निर्णय लें। कुलगुरु प्रो.राम शंकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वप्रथम, मैं आप सभी का ध्यान भारत के लोकतांत्रिक प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव एक देश, एक चुनाव की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह विषय न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे संसाधनों, समय और आर्थिक खर्च को भी प्रभावित करता है। एक देश, एक चुनाव का तात्पर्य यह है कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं, जिससे बार-बार चुनाव कराने की जरूरत न पड़े। यह न केवल शासन में स्थिरता लाएगा, बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा को कम करेगा। एक देश, एक चुनाव केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक मजबूत लोकतांत्रिक सुधार हो सकता है। यह हमारे देश को राजनीतिक स्थिरता, विकास और आर्थिक कुशलता की ओर ले जा सकता है। आइए, हम सभी मिलकर इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करें और भारत के लोकतांत्रिक भविष्य को और सशक्त बनाएं। युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भारत के विकास में युवाओं की भूमिका केवल शैक्षणिक या व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नीतियों के निर्माण में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। 'एक देश, एक चुनाव' जैसे मुद्दे केवल राजनीतिक बहस का विषय नहीं हैं, बल्कि यह देश के प्रशासनिक और आर्थिक सुधारों से भी जुड़े हैं। यदि हम देश में एक साथ चुनाव कराने की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं, तो इससे प्रशासनिक बोझ कम होगा और देश की विकास योजनाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रो. आर. सी. त्रिपाठी सामाजिक कार्यकर्ता, राहुल सिंह परिहार युवा नेता, डॉ. चेतना सिंह राजनीति विज्ञान विशेषज्ञ, डॉ. पूर्णिमा शर्मा



राजनीति विज्ञान विशेषज्ञ, प्रो गीता सराफ राजनीति विज्ञान विशेषज्ञ, विकास पांडेय डीएसपी (पुलिस अधिकारी) प्रशासनिक अधिकारी, प्रो. अनिल उपाध्याय नीति निर्माता, डॉ. दिलीप तिवारी प्रिंट मीडिया विशेषज्ञ, श्रीमती प्रीति सहाय प्रधानाचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चुनिया, शहडोल, श्रीमती अरुणिमा सिंह व्याख्याता, शासकीय एम.एल.बी. बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल थे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने कहा एक देश, एक चुनाव केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी सुधार हो सकता है, जो भारत को राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक कुशलता और विकास की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। यदि इस परिकल्पना को सुव्यवस्थित तरीके से लागू किया जाए, तो यह देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बना सकता है। और सभी अतिथियों का हृदय से आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम आयोजन समिति में डॉ. आशीष तिवारी कुलसचिव एवं संरक्षक, राममिलन सिंह वित्त नियंत्रक, डॉ. ज्योति सिंह नोडल अधिकारी, डॉ. आर.आर. सिंह सदस्य सचिव, डॉ. अनिल उपाध्याय सदस्य, डॉ. हेमन्त पाठक सदस्य, डॉ. दिलीप तिवारी सदस्य, डॉ. रेम सिंह हटीला सदस्य, डॉ. राजकुमार महोबिया सदस्य, डॉ. सतेन्द्र सिंह चौहान सदस्य थे, इन्होने सफल आयोजन हेतु अपनी सहभागिता दी।

## खबर संक्षेप

### गर्मी एवं लू तापघात से बचाव हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रचंड गर्मी एवं लू तापघात से बचाव हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना किए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वा0 अधिकारी को दिए थे, जिसके परिपालन में जिला चिकित्सालय के प्रथम तल पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है तथा डा मुकुल तिवारी जिला नोडल अधिकारी एनपीसीसीएचएच मोबाइल नंबर 9179985306, सुधीर प्रसाद सोनी जिला प्रबंधक आईडीएसपी 9098228157 तथा रीता परते नर्सिंग अधिकारी जिला चिकित्सालय 7987200585 की ड्युटी लगाई गई है । कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रचंड गर्मी एवं लू तापघात से ग्रसित मरीजों की सूचना कलेक्टर उमरिया को सूचित करते हुए समुचित उपचार प्रदाय करवाना सुनिश्चित करें।

### 31 मार्च तक प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु पंजीयन

**उमरिया।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत के शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना है। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न क्षेत्र में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत करवाता है जिससे उन्हे व्यावहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोजगार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत ऐसे युवा पात्र है जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य है, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे उच्च है तथा वे पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को राशि रूपये 5000 प्रतिमाह स्टायपेंड एवं इंटर्नशिप प्रारंभ होने पर एक मुश्त राशि रूपये 6000 प्राप्त होगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह होगी। श्प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु पंजीयन एवं आवेदन की अंतिम 31 मार्च है।

### दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना के तहत माह अप्रैल हेतु खाद्यान्न का आवंटन जारी

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि दीन दयाल अन्त्योदय रसोई योजना के तहत माह अप्रैल 2025 हेतु खाद्यान्न गेहूं, चावल का आवंटन प्राप्त हुआ है जिसमें उमरिया जिले के लिए 350 लोगों के लिए 16.80 क्विटल गेहूं, 4.20 क्विटल फोर्टीफाईड चावल शामिल है । रसोईयों की संख्या 2 है । जिले को खाद्यान्न का आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग व्दारा निर्धारित मापदंड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूं एवं 40 ग्राम फोर्टीफाईड चावल की मात्रानुसार आवंटन जारी किया गया है। जिले की नगरीय निकायो के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली से प्राप्त जानकारी के आधार पर उमरिया जिले में संचालित नगरीय निकायों की संख्या , भोजन ग्रहण करने वालों की संख्या के आधार पर मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के प्रदाय केंद्र उमरिया के लिए अधिकृत अधिकारी, कर्मचारी से उठाव हेतु खाद्यान्न गेहूं चावल का आवंटन प्रदाय किया गया है।

### रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में संगम रोजगार मेला आज

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अंबिकेश प्रताप सिंह ने बताया कि रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन उमरिया में 21 मार्च को संगम रोजगार मेले का आयोजन प्रातः10.30 बजे से किया गया है। मेले में एलआईसी उमरिया, रिलाइंस निप्पयन, प्रगतिशील बायोटेक, ग्रेट आग्रेनिक, डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, आईटीआई उमरिया, जिला व्या पार एवं उद्योग केंद्र तथा वर्धमान मंडीदीप भोपाल की कंपनी भाग लेगी।

दो साल से ठेका बंद पड़ा, फूटी छप्परों के नीचे दिन काट रहे रेल कर्मी

# मरम्मत को मोहताज हैं रेलवे कॉलोनी के सात सौ कर्मचारी आवास

**शहडोल।** रेलवे कालोनी के लगभग 6 दशक पुराने कर्मचारी आवास इतने जर्जर हो चुके हैं कि वे गिरने की कगार पर पहुंच रहे हैं। रेल कर्मचारी और उनके परिजन इन्ही आवासों में रहने को विवश हैं। कालोनी में कर्मचारी आवासों की संख्या करीब 7 सौ है। इन आवासों के रखरखाव के लिए हर साल अनुमानित 1 करोड़ का ठेका होता था। लेकिन पिछले दो सालों से न तो ठेका हुआ और न आवासों की मरम्मत कराई गई। इसके अलावा कालोनी में बरसाती घास-फूस और गंदगी की भरमार है, लेकिन सफाई भी नहीं कराई जा रही है। गत माह यहां सीवर लाइन बिछाने के लिए सडक़ों की खुदाई का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन यह गैरनियोजित होने के कारण बंद करा दिया गया। सडक़ें उखड़ी पड़ी हैं। कुल मिलाकर 7 सौ की आवास संख्या वाली रेलवे कालोनी का हाल बे हाल है। लेकिन रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अव्यवस्था में सुधार लाने की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ज्ञातव्य है कि स्टेशन के समीप कालोनी का निर्माण इसलिए कराया गया था कि जिससे रेल सेवाओं की आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी सुविधा से तत्काल ड्यूटी पर उपस्थित हो सके। लेकिन अब यही कालोनी उजड़ती जा रही है।



### छप्पर फूटी, दीवारों में दरार

कालोनी के दर्जनों आवास ऐसे हैं जिनकी छप्परों में टीने या एसबेस्टास की सीटें लगी हुईं हैं, यह सीटें अत्यंत पुरानी होने के कारण ऊपर से फूट गईं हैं इनमें बड़े बड़े छेद हो गए हैं। वर्षा का पानी अंदर कमरों में घुसता है, मजबूरन रेल कर्मियों को अपने व्यय से इन्हे ढांकना या मरम्मत कराना पड़ा है। कुछ आवासों में इसीलिए छप्परों में पन्नियां बंधी दिखलाई पड़ती हैं। कई आवास ऐसे हैं जिनकी दीवारों में दरार सी निकल आई है, आवास दिनोदिन कमजोर होते जा रहे हैं। लेकिन रेल प्रशासन व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। नार्दन रेलवे की ओर तो दर्जनों आवास इसी कारण खाली पड़े हैं, कर्मचारी इन आवासों को छोडक़र अन्यत्र किराए के मकानों में रहने चले गए। खाली आवासो से चोरों ने खिडक़ी दरवाजे भी पार कर दिए हैं।

### बरसात में करेंट का खतरा

कुछ रेल कर्मियों ने बताया कि उनके आवासों की विद्युत वायरिंग एकदम अस्त-व्यस्त हो गई है। तार झूलने लगे हैं और अत्यंत पुराने होने के कारण कहीं कहीं से कट भी गए हैं। इस कारण वर्षा के समय नमी पाकर दीवारों में करेंट आ जाता है। जिससे काफी खतरा बना रहता है। अधिकारियों से शिकायत करने पर वे सुधार कराने का आश्वासन तो देते हैं लेकिन स्थाई रूप से सुधार नहीं होता है। तात्कालिक व्यवस्था कर दी जाती है, बाद में फिर वही स्थिति निर्मित हो जाती है। कालोनी के अंदर स्थाई रूप से कोई सुधार कार्य नहीं होता, फैन्सिंग बाउण्ड्री के तार भी टूट रहे हैं, इन्हे न तो निकलवाया जा रहा है और न नई व्यवस्था कराई जा रही है। कर्मचारियों की समस्याएं बढ़ती जा रहीं हैं।

### रकम इधर-उधर कर देते हैं

बताया गया कि पूर्व में हर साल आवास रिपेयरिंग के लिए लगभग 1 करोड़ का ठेका होता था और इसी राशि से ठेकेदारों द्वारा मरम्मत कराई जाती थी। लेकिन अब इधर दो वर्षों से ठेकेदार काम पर नहीं आ रहे हैं। इसका एक कारण यह है कि ठेके की राशि बड़े अधिकारी स्टेशन के इधर-उधर निर्माणों में व्यय कर देते हैं। जबकि आवासों की मरम्मत बाकी रह जाती है। बाद में न तो आवासों के लिए पैसा मिलता है और न मरम्मत होती है। यही नहीं आवासों के आसपास गंदगी का अम्बार लगा हुआ है, सफाई नहीं होती है। पूर्व में रेलवे का सफाई गेंग काम करता था। लेकिन धीरे धीरे उसकी संख्या कम होती गई और उसकी ड्यूटी भी सीमित कर दी गई और कालोनी और स्टेशन के बाहर की सफाई का कार्य ठेके पर दिया जाने लगा और दुर्दशा होने लगी।

### नए आवासों की योजना नहीं

शहडोल स्टेशन को बी ग्रेड का दर्जा देकर और भी विकसित किया जा रहा है, यहां सुविधाएं बढ़ रहीं हैं, लेकिन कर्मचारी आवासों के लिए रेल प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। नए आवास बनाए जाने की योजना नहीं है। जो अत्यंत जर्जर आवास रिक्त पड़े हैं उन्हे गिराया भी नहीं जा रहा है, प्रशासन उनके स्वयं ढह जाने का इंतजार कर रहा है। कर्मचारियों के अनुसार रेल प्रशासन धीरे धीरे कर्मचारियों की सुविधाएं समाप्त करता जा रहा है। वह नए आवास बनाने की तैयारी क्यों करेगा। कर्मचारियों को रेलवे आवास छोडक़र शहर मे दूरदराज किराए के आवास में रहना पड़ रहा है। शुरू में स्टेशन के समीप कालोनी इसलिए बनाई गई थी कि जिससे कर्मचारियों को तत्काल स्टेशन पहुंचने और ड्यूटी करने में सहूलियत हो सके। लेकिन अब यह धारणा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

## संभागीय सेनानी होमगार्ड द्वारा कार्यालय डिस्ट्रिक कमांडेंट का किया गया निरीक्षण





**उमरिया।** कार्यालय डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड का निर्धारित रोस्टर अनुसार संभागीय सेनानी होमगार्ड संभाग शहडोल एम के पंद्रे द्वारा कार्यालय निरीक्षण किया गया । इस दौरान कार्यालय के समस्त पंजियों एवं रजिस्टरों परेड , बचाव किट का निरीक्षण किया गया। किट में पाई गई कमियों को दुरूस्त करनें के निद्रेश दिए गए । वाहन के निरीक्षण के दौरान उन्होने सभी वाहनों को चालू हालत में रखने तथा दुरूस्त रखने की बात कही। बाढ़ आपदा उपकरणों के निरीक्षण के दौरान सभी आपदा उपकरणों को चलवा कर देखा गया । निरीक्षण के पश्चात सैनिक सम्मेलन में सैनिकों की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण किया। सभी सैनिकों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने एवं अच्छा टर्न आउट रखने के निर्देश दिए गए । कार्यक्रम के दौरान डिसट्रिक्ट कमांडेंट सी एस उर्वेदी, प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू सहित कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### मऊगंज घटना के विरोध में युकां जिला महासचिव की अगुवाई में हुआ शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**भालूमाड़ा।** पसान नगर पालिका क्षेत्र के भालूमाड़ा मजदूर चौक पर युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन मऊगंज जिले में घटित एक हृदय विदारक घटना के विरोध में किया गया। प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री मनोज मिश्रा और युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के निर्देश में किया गया। जिसकी अगुवाई युवा कांग्रेस जिला महासचिव मानवेंद्र मिश्रा ने



की। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जो कि गृह मंत्री भी है से तत्काल इस्तीफे की मांग की और शहीद एएसआई रामचरण और स्वर्गीय सनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखा गया, जिसमें उनके अद्वितीय बलिदान को याद किया गया। उक्त प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मो. बिलाल हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंदन सिंह, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज पांडे (पंकु), **NSUI** महाविद्यालय अध्यक्ष संदीप यादव, **NSUI** ब्लॉक अध्यक्ष शिवम चौधरी सहित अन्य कांग्रेस, युवा कांग्रेस और **NSUI** के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इस दुखद घटना पर सख्त कदम उठाने की अपील की तथा उन्होंने एकजुटता का संदेश देते हुए अपने प्रदर्शन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि वे इस घटना के खिलाफ खड़े हैं और न्याय की उम्मीद करते हैं। युवा कांग्रेस जिला महासचिव मानवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने पसान नपा क्षेत्र में खास चर्चा का विषय बना रहा।

## हायर सेकेण्डरी की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा जिले के 9 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 63 परीक्षार्थियों में से 60 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 3 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. कालरी उमरिया , शासकीय उमावि कन्या, शासकीय उमावि बालक पाली , शा उमावि कन्या पाली निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

सनातन एकता यात्रा 2025

## धर्म, संस्कृति और आस्था का भव्य संगम

**बदरा/जमुना।** शहडोल संभाग में सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने और समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से सनातन एकता यात्रा 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक यात्रा 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी, जिसमें भक्तों को राम वनगमन स्थलों, पांच पांडव स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

व्यौहारी से होगा भव्य आरंभ

यात्रा का शुभारंभ 30 मार्च को व्यौहारी के इंदिरा गांधी कॉलेज चुंगी नाका से देवी मंदिर बस स्टैंड तक भव्य नगर भ्रमण, चुनरी यात्रा और स्वागत समारोह के साथ किया जाएगा। यहां भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के साथ यात्रा का आरंभ होगा। इसके पश्चात यात्रा गंधिया अमझोर पहुंचेगी, जो राम वनगमन मार्ग का प्रमुख स्थल है। यहां पर विशेष रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद यात्रा जैसिंहनगर पहुंचेगी, जहां नगर भ्रमण, चुनरी यात्रा और भव्य स्वागत समारोह के साथ श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे।

### धार्मिक स्थलों का दर्शन और भक्ति आयोजन



31 मार्च को यात्रा खनौधी के काली माता मंदिर से बूढ़ी माता मंदिर तक नगर भ्रमण करेगी, जहां चुनरी यात्रा का आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर में सरसी स्थित बूढ़ी माता मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। शाम को यात्रा गोहपारू पहुंचेगी, जहां शिवजी मंदिर से दुर्गा मंदिर तक नगर भ्रमण एवं चुनरी यात्रा का आयोजन होगा। 1 अप्रैल को यात्रा सिंहवाहिनी मंदिर भठिया में खोडरी तिराहे से प्रारंभ होकर सिंहवाहिनी मंदिर तक पहुंचेगी। इसके पश्चात यात्रा केशवाही पहुंचेगी, जहां हनुमान बड़ी मूर्ति से मरखी देवी मंदिर तक की भव्य यात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल को यात्रा का अगला पड़ाव सीतामढ़ी होगा, जो राम वनगमन स्थल के रूप में विशेष मान्यता रखता है। यहां देवगढ़ जर्रा टोला खोडरी से सीतामढ़ी तक नगर भ्रमण, पूजन-अर्चन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन यात्रा रेउषा में चरण पादुका स्थल के दर्शन करेगी और तुर्रा धाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। 3 अप्रैल को यात्रा अनूपपुर पहुंचेगी, जहां मारुति शिव हनुमान मंदिर मड़फा तालाब से काली मंदिर तक नगर भ्रमण एवं चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद यात्रा का स्वागत बरगवा, धनपुरी, बुढ़ार, देवगमा, सिंहपुर, उचेहरा, नौरोजाबाद, पाली, उमरिया, मानपुर, बिजौरी और अंतरा सहित अन्य महत्वपूर्ण आस्था स्थलों पर किया जाएगा। हर स्थान पर भक्तों के लिए सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, चुनरी यात्रा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### नर्मदा जल कलश यात्रा

इस ऐतिहासिक यात्रा का विशेष आकर्षण 29 मार्च को अमरकंटक रामगमन स्थल पर नर्मदा जल कलश भरने का कार्यक्रम रहेगा। इस पवित्र जल कलश का पूजन उसी दिन शाम 6 बजे राजेन्द्रग्राम स्थित मंदिर में किया जाएगा।

### भक्ति का संगम

7 अप्रैल को यात्रा का समापन राम जानकी मंदिर, मोहन राम तालाब परिसर, शहडोल में होगा। समापन समारोह के अवसर पर भव्य भजन संध्या, अतिथि उद्बोधन, सनातन एकता यात्रा के सहयोगियों का सम्मान एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### आस्था, संस्कृति और भक्तिमय माहौल

पूरे आयोजन के दौरान यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु भव्य चुनरी यात्रा, ढोल-नगाड़े, सांस्कृतिक नृत्य, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां और भक्ति गीतों का आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन रहेगा, जिसमें भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। सनातन एकता यात्रा मित्र मंडली संभाग शहडोल के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में समस्त धर्मालंबियों, समाज के सभी वर्गों, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति से आग्रह किया गया है कि वे इस पवित्र यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं।

### शिक्षक नजीब को मिली सीटीओ की उपाधि



**कोतमा।** नगर के निजी स्कूल के शिक्षक नजीब अशरफ को नागपुर में 45 दिन के प्रशिक्षण उपरांत सीटीओ (चीफ ट्रेनिंग ऑफिसर) की उपाधि दी गई है। बताया जाता है नेसीसी संभाग मुख्यालय शहडोल प्रभारी द्वारा स्कूल के नजीब अशरफ की कार्य कुशलता देखकर चयन कर ट्रेनिंग हेतु नागपुर भेजा गया था। विगत दिनों उनका चयन नागपुर अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए हुआ 45 दिनों की प्रशिक्षण के बाद उन्हें एसोसिएट एनसीसी अधिकारी की उपाधि प्रदान की गई। नजीब अशरफ द्वारा स्कूल में पिछले वर्ष से नेसीसी का सफल संचालन किए जा रहा है।उपलब्धि पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दिनेश चौहान, विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाईयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नहीं रहे टेंट व्यवसायी संतोष पारस



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के टेंट व्यवसायी सहज सरल स्वभाव के धनी मृदभाषी संतोष पारस 50 वर्ष का गत रात्रि 10/11 बजे अल्प बीमारी के बाद असामयिक निधन हो गया। संतोष पारस अपने पीछे वृद्ध मैन दशरथिया बाई पत्नी ममता पारस पुत्र साहिल पारस एवं पुत्री खुशबू पारस को रोता बिलखता छोड़ गए हैं । उनका अंतिम संस्कार कबीर पंथ के सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार नर्मदा के दक्षिण तट पर भारी जन समूह के मध्य शायंकाल 5: बजे किया गया । उनके निधन से नगर में शोक व्याप्त हो गया। संतोष पारस के निधन पर नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम पूर्व अध्यक्ष प्रभापनारिया पार्षद जोहनलाल चंद्रवंशी सुखनंदन सिंह उषा सिंह सावित्री सिंह नर्मदा चौहान डॉ संतोष तिवारी नवोदय विद्यालय के डॉक्टर एके शुक्ला शिक्षा महाविद्यालय के रामसेवक कुशवाहा पत्रकार धनंजय तिवारी उमाशंकर पांडे श्रवण उपाध्याय श्यामलाल सेन आदि ने शोक

## अजीबोगरीब मामले का पुलिस ने किया निपटारा

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 7 में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां एक महिला द्वारा पहले पति को छोड़कर लवकुश के साथ कोर्ट मैरिज कर रहने लगी। शादी के कुछ दिनों बाद ही दूसरे पति पर मारपीट कर प्रताड़ना का आरोप लगाकर फिर पहले पति के साथ चली गई। जाने के पूर्व महिला द्वारा हंगामा करते हुए शादी में लाए गए अपने गहने व अन्य घरेलू सामानो को मांगे जाने को लेकर हो हल्ला मचाया गया। दोनों पक्षों के द्वारा विवाद होने को लेकर थाने तक पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस दोनों पक्षों को समझा सकी। इस दौरान वार्ड में भीड़ भाड़ बनी रही।

### अभद्रता को लेकर शिकायत दर्ज

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाली 21 वर्षीय लड़की सिजा के साथ रिश्ते में लगने वाली बुआ के द्वारा आए दिन विवाद करते हुए अभद्रता किए जाने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया कि बुआ पड़ोस में ही रहती है जो रंजिश रखते हुए बिना वजह आए दिन विवाद करते हुए अभद्र बर्ताव के साथ पेश आती है।

### होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**कोतमा।** वी .क्लब निस्वार्थ कोतमा की अध्यक्ष श्रीमती रमा राजेश सोनी एड. के सौजन्य से बुधवार को रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा एवं **PST** गठन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में एरिया ऑफिसर किरण गोयनका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहनी धर्मेंद्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती वैशाली बद्री ताम्रकार, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रीता गुप्ता, चेयरपर्सन वी. शिल्पा जैन, चे.पर्सन वी साईं गीता, वी.नीलू जैन, वी. प्रतिपाल कौर,वी. नलिनी अग्रवाल,वी. निशा गुप्ता, वर्तमान सचिव वी .सुमन गुप्ता वी. छाया बरसैंया,वी. बबीता गुप्ता वी. रजनी खटोड़,वी. निशा गहरवार उपस्थित रहे। रंग पंचमी के अवसर पर वी क्लब निस्वार्थ की महिलाओं ने जमकर एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए रंग बरसाये।

## रंग, गुलाल लगाकर मनाई रंग पंचमी, न्यायाधीश एवं अधिवक्ता हुए शामिल



**कोतमा।** रंग पंचमी के पर्व पर बुधवार को कोतमा न्यायालय परिसर में न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं के द्वारा होली मिलन समारोह उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान न्यायालय में पदस्थ जिला न्यायाधीश, न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। होली मिलन के दौरान हास्य व्यंग के फुहार के साथ जमकर मस्ती की गई। आपस में सभी लोगों के द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंग पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस रंग पंचमी के अवसर पर जिला न्यायाधीश विक्रम सिंह जय सिंह सरोते, महेंद्र सिंह ऊईके, रविंद्र कुमार शिल्पी,सुश्री गुंजन गौंड, श्रीमती रश्मि बागड़ी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष जसवीर सिंह, सचिव मोहम्मद यूनुस , कोषाध्यक्ष सुनीता रावलकर सहित अधिवक्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायधीश एवं वकीलों द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए जमकर हसी के ठहाके लगवाए। रंग गुलाल अबीर लगाकर सभी लोग एक दूसरे को बधाई देते हुए नजर आए वही ध्वनि यंत्र बजाकर फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर नृत्य भी किया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों द्वारा स्वल्पाहार करने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर होली_रंगपंचमी की बधाई दी। होली मिलन पर राजेंद्र सिंह, सतीश गौतम, उपेन्द्र सिंह, प्रकाश मिश्रा, रविंद्र तिवारी, अरुण सोनी, राजेश शर्मा, त्रिवेणी तिवारी सहित न्यायालय स्टाफ भी शामिल रहा।

## खबर संक्षेप



### चुंगी नाका के आगे स्ट्रीट लाइट बंद

**ब्योहारी।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक और दो चुंगी नाका से लेकर टंकी दी रहा तक जो स्ट्रीट लाइट लगी है वह इन दोनों फ्यूज हो गई केसरवानी पेट्रोल पंप से लेकर खटखरिया तालाब तक दोनों तरफ की लाइट फ्यूज हो गई है जिससे सड़क में अंधेरा छाया रहता है स्ट्रीट लाइट चालू करवाए जाने की मांग की है वार्ड के निवासी भैया खान ने कहा कि इस समय सड़क के बीच में जो बिजली लगी है वह बिल्कुल खराब पड़ी है शाम होते ही में सड़क में अंधेरा छा जाता इनका कहना है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है बीच में जो लाइट लगी है वह एमपी आरडीसी की है मैं उनको जानकारी भेज देता हूं और जो नगर परिषद की है उनमें एक-दो दिन के अंदर सुधार हो जाएगा

### कसौंधन वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा होली मिलन सम्पन्न हुआ

**बिरसिहपुर पाली।** श्री कसौंधन धर्म शाला पाली में श्री मती राजकुमारी गुप्ता अध्यक्ष द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया जिसमें स्वजातीय कसौंधनवैश्य समाज की सैकड़ों महिलाये शामिल हुई , सर्वप्रथम बिरासिनी माँ एवं राम दरवार की माला अर्पण का दीप प्रज्जवलित किया गया , साथ ही राम चरित मानस के ग्यारह दोहों का वाचन सभी महिलाओं के द्वारा गायन किया गया, सभी का गुलाल तथा फूलो एक-दूसरे को लगया गया ,सभी को प्रसाद वितरण किया गया , विशिष्ट महिला श्री मती संतोष पाठक एवं मंडल अध्यक्ष पाली श्री मती राधा तिवारी जी की उपस्थिति सराहनीय रहा, हर्ष उत्साह से होली मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।श्री मती सरोज गुप्ताश्री मती सरला गुप्ताश्री मती सुनैना गुप्ताश्री मती रश्मि गुप्ताश्री मती सुमित्रा गुप्ताश्री मती राधा प्रीती गुप्ताश्री मती कंचन गुप्ताश्री मती आरती गुप्ताश्री मति पार्वती गुप्ता एवं अन्य स्वजातीय महिलाएं शामिल रही।

### संपन्न हुई भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारी की बैठक

**बिरसिहपुर पाली।** जिला मुख्यालय संघ कार्यालय में भारतीय किसान संघ जिला इकाई उमरिया की बैठक रखी गई, जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान डॉ विशाल चंद्राकर, महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री श्रीमान भरत पटेल, विभाग प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीमान बृजेश की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष किसान संघ उमरिया के द्वारा जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई जिसमें नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी सदस्य तहसील कार्यकारिणी सदस्य को दायित्व को सोपा गया किसानों को अधिकारियों के रवैया से होने वाली समस्याओं को सुना गया और एक ज्ञापन बनाकर अपर कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया एवं जल्द ही ज्ञापन के बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की गई, भारतीय किसान संघ लगातार किसानों के हितों पर कार्य करता रहा है एवं किसने की समस्या को प्रमुखता के साथ जिला मुख्यालय प्रदेश मुख्यालय एवं राष्ट्रीय मुख्यालय पर उठाता रहा है, जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों पर किसी प्रकार का लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, हम जिस विकसित भारत की कल्पना के लिए आगे बढ़ रहे हैं वह किसानों के हितों को ध्यान में रखकर ही बढ़ा जा सकता है।

### पुलिस ने पैदल भ्रमण कर लिया जायजा

**कटनी।** कोतवाली प्रभारी आशीष कुमार शर्मा द्वारा सुभाष चौक, मार्केट स्टेशन रोड, खिरहनी चौकी क्षेत्र, गर्गा चौरा, घंटा घर आदि का निरीक्षण किया गया। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षा उपायों के बारे में उन्हें समझाइश दी गई। यह पेट्रोलिंग आगामी त्योहारी सीजन, विशेष रूप से रंग पंचमी के मद्देनजर की गई ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके और क्षेत्रवासियों एवं यात्रियों को सुरक्षा का अहसास हो।

# बजट ही नहीं अध्यक्ष के अधिकार में भी कटौती पिछले साल की तुलना में पौने दो करोड़ रुपए घटा






**नगर पालिका का बजट कुर्सी अध्यक्ष की, बाकी अधिकार नेताजी का" कोयला नगरी के रूप में विख्यात धनपुरी नगर परिषद का सालाना बजट बुधवार को सदन में प्रस्तुत किया गया।**

धनपुरी

पिछले साल 125 करोड़ के मुकाबले इस वर्ष 122.29 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। बजट के लिए बुलाई गई बैठक की विशेषता यह रही की अध्यक्ष की कुर्सी पर तो रविंद्र कौर छाबड़ा ही विराजमान थीं लेकिन उनसे पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब उन्होंने नहीं बल्कि विधायक का प्रतिनिधित्व कर रहे नेताजी देते रहे ऐसा लगा की अध्यक्ष के अधिकारों पर पूर्णतया अतिक्रमण हो चुका है। बीते वित्तीय वर्ष में व्यय की गई राशि का ब्यौरा जानने पार्षद चिल्लाते रहे लेकिन परिषद के ओहदेदारों पर इस चीख पुकार का कोई असर नहीं दिखा, उलटा लोगों को जो सब्जबाग दिखाए गए थे उन पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ₹धनपुरी। धनपुरी नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में गुरुवार को 1अरब 22 करोड़ 29 लाख 51 हजार रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है। स्थानीय नगर पालिका सभागार में बजट संबंधी बैठक आहूत की गई जिसमें नगरपालिका के सभी 28 वार्डों के पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, नगर पालिका सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर विधायक प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा सहित नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।कान में रुई का असरनगर पालिका परिषद की बजट बैठक सुबह 11:00 प्रारंभ हुई और दोपहर 3:00 तक 4 घंटे चली। परिषद की बैठक में बजट को लेकर चर्चा थी बजट पेश किया लेकिन आंकड़े को लेकर पार्षद बार बार पूछते रहे लेकिन परिषद के कुर्सीधारियों को समझ में ही नहीं आया या ना समझी का नाटक करते रहे और वह क्या बोल रहे हैं लोग इससे भी अनभिज्ञ नजर आए जब उनसे बार-बार पूछा गया कि किस कार्य के लिए कितना खर्च किए वह बताने में असमर्थ रहे। जबकि परिषद के सभी सदस्य चाह रहे थे कि पिछले साल कहां पर कितने खर्च हुए आंकड़े पेश किया जाए। परिषद के जिम्मेदारों के कानों की ना तो रुई हटी और नहीं पार्षदों को उनके सवालों का जवाब ही मिल सका।इस बार भी विधायक प्रतिनिधि जवाब देते नजर आए हर बैठक के भांति इस बार भी जवाब देने की जवाब दारी विधायक प्रतिनिधि ने निभाई उन्होंने जो भी सवाल पार्षद के द्वारा पूछे गए लगभग लगभग उनके जवाब उन्होंने ही दिए ऐसा लग रहा था की बजट बनवाने में आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त नेता की हरकतों को लेकर नगर में यह चर्चा सर गर्म है कि जब अध्यक्ष को बोलते ही नहीं देना था तो घर में बैठ कर आते और कर लेते अध्यक्षी।पानी से पीलिया : सुकृतिवार्ड क्रमांक 5 की पार्षद सुकृति सिंह ने परिषद में नगर में फैल रहे पीलिया के लिए आवाज़ उठाई उन्होंने कहा कि इस समय नगर में हर दूसरे घर में एक पीलिया के मैरिज हैं उन्होंने कहा कि जब सिलसिले में डॉक्टर से बात की उन्होंने कहा की पानी खराब होने के वजह से और खान-पान के वजह से पीलिया होता उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड में हॉस्पिटल है उसमें पीलिया के मरीज की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है उन्होंने कहा कि जो नगर में नाली के नीचे पाइपलाइन गई हुई है काफी जगह फटी हुई है उसे जल्द से जल्द सुधार किया जाए ऐसे लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके।सीएमओ की पहली बैठकनए सीएमओ पूजा बुनकर की परिषद की पहली बैठक मैं सभी पार्षदों ने अपना परिचय देते हुए रूबरू होते हुए नगर का अधिकार अधिक विकास हो योजनाओं का लाभ मिले नागरिकों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने की बात कही है।बिना ब्यौरा अनुमोदननगर पालिका धनपुरी का सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025- 26 का नगर पालिका परिषद बजट नगरपालिका के लेखा अधिकारी पीयूष द्विवेदी द्वारा 1 अरब 22 करोड़ 29 लाख 51 हजार का पेश किया गया है। परिषद की बैठक में कार्यपालिका अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तुत बजट पर विचार के साथ ही 2024 तक के आय-व्यय का अनुमोदन किया। हालांकि पार्षदों द्वारा बार-बार आय व्यय के संबंध में जानकारी मांगे जाने के बावजूद परिषद के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।नजरों से ओझल विकास वार्ड पार्षदों का कहना है कि नगर पालिका का चुनाव हुए ढाई साल बीत गए हैं लेकिन वार्डों में विकास नजर नहीं आ रहा है वार्ड नंबर 17(पार्षद)उपाध्यक्ष ने कहा कि धनपुरी नगर का हिदय स्थल आजाद चौक लगाऐं गऐ है फब्बारा बंद रहता है उसे ठीक कराया जाऐ अच्छा सुंदर लाईट लगाए जाएं जिससे शाम को फुब्बारे लाइट का लुफ्त नगरवासी उठा सकें। नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका का छोटा-मोटा काम करने वाले ठेकेदारों का बिल पेंडिंग को लेकर इंजीनियर से बिल पेमेंट करने को कहा गया। वार्ड नंबर 18 के पार्षद आनंद मोहन जायसवाल ने कहा कि कई बार डायलिसिस मशीन लगाने की बात कही गई जो अभी तक नहीं हुआ।सरकार कि कौन कौन सी योजनाएं क्रियान्वित है और कौन सी बंद हो गई जिसकी जानकारी ना पार्षदों को है ना नगर वासियों को सभी योजनाऐ का एक फ्लेक्सी टांगी जाए जिससे लोगों को जानकारी लाभ मिल सके। परिषद की बैठक में वार्डों की समस्याओं को रखा जाता है लेकिन अमल नहीं किया जाता।माडल रोड की उठी मांगपरिषद के बैठक में वार्ड क्रमांक,17,18,4,24 व अन्य पार्षदों ने धनपुरी नगर हृदय स्थल से जुड़े विकास कार्य को गति देने के लिए नगर पालिका के पार्षदो के द्वारा एक बार फिर से मॉडल रोड का निर्माण कराऐ जाने को लेकर सभी आवाज उठाई। कहां की नगर के 90% लोग मॉडल रोड बनाने को लेकर तैयार हैं। फिर नगर पालिका आगे की कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है जबकि व्यवहारी उमरिया कोतमा आदि स्थानों पर रोड पर कम जगह होने के बाद भी मॉडल रोड बनाए गए हैं फिर धनपुरी नगर पालिका क्यों नहीं बना रही है जिससे नगर का विकास सौंदर्णीकरण देखने को मिले। सी सी कैमरा धनपुरी आजाद चौक नगर के तिराहे चौराहे में लगाने की चर्चा की गई। पार्षदों के द्वारा वार्ड नंबर 27 डोगरिया सिद्ध बाबा खेल मैदान पर गोल पोस्ट लगाने की चर्चा की गई।पेयजल पाइपलाइन के विस्तार किए जाने संपत्ति कर को लेकर लोगों को सही जानकारी दी जाए, नगर पालिका कर्मचारियों केलिए ड्रेस देने की चर्चा, पशु पंजीयन शुल्क, वार्ड क्रमांक 2 हाउसिंग बोर्ड विचार विमर्श किया गया , हाउस टैक्स को लेकर गहन चर्चा हुई। जलकर की वसूली को लेकर चर्चा की गई। प्राइवेट कंपनी द्वारा मतगणना कराया जाएगा जिससे योजनाओं का लाभ कितने लोगों को मिल रहा है कितने लोगों को नहीं मिल रहा है। एक डाटा तैयार किया जाएगा।

## अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

बिरसिंहपुर पाली



आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिशंकर शुक्ला आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्री संदीप सूरी के सतत मार्गदर्शन में अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन जिला इकाई उमरिया लगातार उपभोक्ताओं के हित के लिए कार्यकर्ता रहा है। उसी क्रम में जिला मुख्यालय उमरिया पर जिला इकाई की बैठक रखा गया, जिसमें जिले में संचालित हो रहे नकली खाद्य पेय पदार्थ, तंबाकू उत्पादक पर चर्चा कर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, उमरिया जिला शहडोल एवं कटनी जिले से लगा हुआ है जहां बहुताय मात्र से नकली खाद एवं पेय पदार्थ सप्लाई किए जाते हैं, जो की दुकानों में खुलेआम देखने को मिलता है, हाल के एक सर्वे में यह बात स्पष्ट हुआ है की 50% से भी अधिक कैंसर एवं विभिन्न रोगों का कारण नकली खाद्य तेल एवं पदार्थ है, ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को किसी बात की जानकारी नहीं है, अधिकारी समय-समय पर जांच की जाती है, लेकिन वह क्या जांच होती है वह वही जाने, ग्रीष्मकालीन मौसम होने के कारण दुकान दुकान पर नकली जूस जो कि बगैर जांच के बेचे जा रहे हैं, उसकी कोई जांच नहीं होती, उमरिया जिले के प्रत्येक ब्लॉक में नकली तंबाकू प्रोडक्ट, बीड़ी सिगरेट खुले आम बेचे जाते है, जो कि कैंसर जैसे बीमारियों का घर है, जहां एक और हम 2047 में विकसित भारत बनने का सपना देख रहे हैं, वही कुछ मुनाफा कमाने के उद्देश्य अधिकारियों की मिलीभगत के साथ कुछ व्यापारी घर घर गंभीर बीमारियों को बांट रहे हैं, संगठन द्वारा कई बार कुछ के नाम जद भी शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं की गई, उपभोक्ता संगठन कार्यवाही ना होने पर भोपाल खाद्य एवं नागरिक आपूर्तिविभाग पर बड़े स्तर पर आंदोलन कर ज्ञापन प्रस्तुत करेगा ।

## लीनेस क्लब बुढार रंगपंचमी का पर्व हर्षोउल्लास से मनाया

धनपुरी ।

लीनेस क्लब बुढार ने बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक रंगपंचमी का पर्व राजवाड़ा रेस्टोरेंट मे क्लब की सभी बहनों ने एक दूसरे को रंग पंचमी के इस पावन पर्व पर हर्बल गुलाल लगाया गया। और एक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। और कार्यक्रम अंत में स्वल्पाहार का आनंद उठाया। रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी।सदस्य सचिव अंजू अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्यामा गुप्ता आरती खंडेलवाल वृंदा भगत नागमणि मानिकपुरी स्नेहलता गुप्ता दिव्या रुंचदानी अर्चना ओछा ज्योति सिंह आरती खनूजा प्रतिमा जैन उपस्थिति रही।



# पसगड़ी सरपंच और चमरा डोल सरपंच के भतीजे के आपसी विवाद में मारपीट

**दोनों पक्षों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में दर्ज कराया मामला सूझबूझ से टला बड़ा वर्ग संघर्ष**

ब्यौहारी।

ब्यौहारी-थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पसगड़ी की निवासी मृत्युंजय सिंह पिता प्रेमलाल सिंह द्वारा 16 मार्च को शाम 7:00 बजे ब्यौहारी-थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बोड्डिहा के निवासी सूरज तिवारी पिता चिंतामणि तिवारी द्वारा अपने चार साथियों के साथ परसीली में ले जाकर मारपीट की गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परसिली में लल्लू तिवारी और अंकित द्विवेदी अन्य दो लोग जिसमें एक मझौली के चुवाही के एक नेता का भी मारपीट में हाथ है 16 मार्च को सुबह 10:00 अपने बोलोरो गाड़ी में बैठा कर ले गए और। परसिली में ले जाकर मारपीट की मेरे साथ मेरा चचेरा भाई मनीष सिंह भी था उसके साथ ही मारपीट की गई रिपोर्ट ब्यौहारी-थाना में दर्ज कराई गई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सरपंच के पुत्र द्वारा भी एक दिन पहले। चमरा डोल तहसील मझौली में सप्ताहिक मेला करने गए थे जहां विवाद होने पर सरपंच के पुत्र ने भी अपने साथियों सहित अंकित तिवारी के साथ मारपीट की गई थी13 मार्च से हुई विवाद की शुरुआत -मनीष सिंह अपने साथियों के साथ परसिली घूमने गया था जहां उसके साथ अंकित तिवारी , चमरा डोल सरपंच के पुत्र शैलू तिवारी ने कहा इधर क्यौ घूम रहे हो इसी बात को लेकर दोनों पंछों में कहा सुनी हो गई और अंकित तिवारी ने मारपीट की जिसकी रिपोर्ट पहले थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी उस मारपीट के बाद जब पसगडी सरपंच के पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ बदला लेने के नियत से चमराडोल में 15/03/25 आकर अंकित तिवारी जो चमराडोल के सरपंच छोटे तिवारी का भतीजा है उससे मारपीट की गई उसके बाद अंकित तिवारी द्वारा मझौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसमें दो लोगों के खिलाफ अपराध मझौली थाने में पंजिबद्ध है इसके बाद 16/03/25 को पुनः मृत्युंजय सिंह और उसके एक साथी को सूरज तिवारी बोड्डिहा ने अपने साथी चमराडोल सरपंच छोटे तिवारी के पुत्र शैलू तिवारी एवं अंकित द्विवेदी द्वारा पसगडी से अगवा कर सरपंच के पुत्र को ले जाकर परसिली में मारपीट भी की गई इस मामले में मृत्युंजय सिंह की रिपोर्ट पर सूरज तिवारी बोड्डिहा के खिलाफ थाना ब्यौहारी- में क ई धाराओं से अपराध पंजिबद्ध किया है अब मृत्युंजय सिंह के गुट खिलाफ मझौली थाने में अपराध दर्ज है सूझ बूझ से टला वर्ग संघर्ष -ग्राम पंचायत बोड्डिहा के निवासी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लाल बहादुर नेटी के भतीजे रोशन सिंह ने मीडिया से बताया कि लड़ाई करने वाले सभी नवयूवक हैं उनकी ज्यादा समझ नहीं है इसलिए झगड़ा कर बैठे उनको समझाया गया नहीं तो जिस तरह से पसगड़ी से सरपंच के पुत्र को अगवा करके पर्सिली ले जाकर पहले स्कूल के पास फिर अंकित तिवारी के घर में मारपीट की गई उसे आदिवासी समाज आक्रोषित था और बड़ा संघर्ष हो सकता था जो सूझबूझ से टल गया मैं इस झगड़े में नहीं था मेरे द्वारा झगड़े को शांत कराने का प्रयास किया गया इसके वावजूद मेरे खिलाफ मझौली थाने में रंजीशन फर्जी रूप से मेरे नाम से भी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई जो पूरी तरह से झूठ है झगड़े में दोनों पक्षक तरफ सेके रिपोर्ट दर्ज कराई गई है पसगडी सरपंच मृत्युंजय सिंह की रिपोर्ट पर सूरज तिवारी और उसके साथियों के खिलाफ व्यवहारी थाने में अपराध दर्ज है वही पसगड़ी सरपंच मृत्युंजय सिंह के गुट के खिलाफ मझौली थाने में मामला दर्ज है। सीधी पुलिस अधिछक ने अपने एक्स पोस्ट के माध्यम से जातिगत संघर्ष न होकर तत्कालिक विवाद बताया है।

## पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई में ग्रामीणों ने रखी अपनी मांग समस्या का निदान प्राथमिकता से किये जाने कराया आश्वस्त

शहडोल।

जे.एस. डब्ल्यू. सीमेंट लिमिटेड की मरवाटोला - 6 भूमिगत कोयला खदान को लेकर छह ग्रामो के मध्य पर्यावरणीय लोक जनसुनवाई ग्राम शाहपुर में आयोजित की गई और ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं जिस पर प्रभावित ग्रामो के विकास का भरोसा दिलाया गया।

उमरिया जिले में केन्द्र सरकार द्वारा कोल ब्लॉक आबंटित किए गए हैं और रोजगार, आर्थिक उन्नतीकरण, और जनजातीय समुदाय के उत्थान के दृष्टिकोण से ये कोल ब्लॉक महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं, जिले में - जे एस डब्लू सीमेंट लिमिटेड के द्वारा प्रस्तावित मरवाटोला - 6 की भूमिगत कोयला खदान को लेकर उससे लगे छह प्रभावित ग्राम- मालाचुआ, शाहपुर, ब्लॉक पड़री, बधवाबारा, खोलखम्हारा एवं रौगढ़ के ग्रामीणों के मध्य, मंगलवार को ग्राम शाहपुर में लोक जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर शिव गोविंद मरकाम,एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव सहित जे एस डब्लू सीमेंट कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज रस्तगी, कोलमाइन हेड सी.पी. तिवारी एवं इनवायरमेंट हेड अरविन्द शर्मा की मौजूदगी रही।

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम रौगढ़ से आई दीपा सिंह एवं सुजीत सिंह ने जल, जंगल एवं जमीन के प्रभावित होने का मुद्दा उठाया एवं पेयजल एवं रोजगार की मांग रखी।

वहीं पूर्व जनपद सदस्य मनोज मिश्रा ने स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार, कृषि सिंचाई, स्वास्थ्य सुविधा, उन्नत शिक्षा तथा ग्राम के विकास की बात कही, इसके अलावा खोलखम्हरा निवासी हरिओम मेहरा, ग्राम शाहपुर निवासी विकास गुप्ता, हर्ष द्विवेदी ने भी ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जे. एस. डब्लू सीमेंट कंपनी से अपनी मांग रखी।

जनपद पंचायत पाली के उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कंपनी स्थापित का विरोध जताने वालों से आग्रह किया कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील हैं और आर्थिक उन्नतीकरण के लिए प्रतिबद्ध है, और यही वजह है कि बड़े - बड़े उद्योगपति ग्रामो में उद्योग स्थापित की ओर रचनात्मक पहल कर रहे हैं, जिससे ग्राम का सर्वांगीण विकास हो सके। लोक सुनवाई में मालाचुआ निवासी दलबीर सिंह, रामसुशील मिश्रा शाहपुर, रविकांत द्विवेदी शाहपुर, अनुसुइया नामदेव बंधवाबारा, जयश्री बैगा ग्राम खोलखम्हरा , प्रभात अवस्थी, संदीप नारायण मिश्रा शाहपुर, सुरेंद्र मिश्रा शाहपुर, दीपक साहू खोलखम्हरा, धन्नू लाल प्रजापति मालाचुआ, कमल मिश्रा शाहपुर, शाहपुर ग्राम पंचायत के सरपंच बारेलाल बैगा ने परियोजना का समर्थन करते हुए विकास हेतु अपनी बात रखी।

इस अवसर पर जे. एस. डब्ल्यू कंपनी के कार्यकारी निर्देशक मनोज रुस्तगी ने ग्रामीणों की मांगों को सहजता से सुना और नियमानुसार निदान कराने आस्वस्त कराया।

उन्होंने कहाकि - कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की हमारी पहली प्राथमिकता होगी, जो लोग कंपनी के काम के अनुकुल नहीं होंगे, उन्हें प्रशिक्षित कर उन्हें कंपनी के प्रतिकूल बनाये जाकर रोजगार उपलब्ध कराने का हमारा भरसक प्रयास होगा, वहीं स्थानीय महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महिला स्व. सहायता समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने का काम भी किया जायेगा। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई - कढ़ाई , हेंडी क्राफ्ट, स्थानीय उपार्जन एवं मूल्य संवर्धन कर उन्हें स्वावलंबी बनाने के कार्य प्राथमिकता से शुरू कराया जायेगा।

## विलायतकला में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

**जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल के अंतर्गत लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। इसका तीसरा आयोजन कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की विशेष मौजूदगी में बड़वारा जनपद पंचायत के विलायतकला में किया।**

लोक सुनवाई का दूसरा कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में आयोजित किया गया था। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होकर अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्‍यक दिशा - निर्देश दिये थे। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत अबतक दो स्थानों में आयोजन किये जा चुके है। जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा पुष्कर बांध में डूबने से राजस्थान के व्यापारी युवक की मौत



अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक के पावन सलिल नर्मदा नदी पुष्कर बांध में ललित कुमावत पिता सुशील कुमावत 27 वर्षीय ग्राम मंडेला जिला झुंझुनू राजस्थान का अपने दो अन्य साथियों के साथ व्यापारिक कारोबार के सिलसिले में स्थानीय श्री कलेक्शन में कपड़ा का सैंपल दिखाने और ऑर्डर के लिए आए हुए थे आज सुबह लगभग 10 बजे पुष्कर बांध के नर्मदा नदी में स्नान के दौरान डूबने से मृत्यु हो गई। पास ही छोटे-नाबालिग बालक नहा रहे थे उन्होंने देखा कि लड़का नहाते हुए गहरे पानी में डूब गया है हो हल्ला शोर शराबा करने पर डूबे युवक को 15 /20 मिनट बाद निकाला गया। सूचना मिलने पर दो अन्य साथियों ने उक्त युवक को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले गए चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। व्यापारी युवक के नर्मदा नदी में डूबकर मृत हो जाने की सूचना साथ आए कृष्ण इंदौरी निवासी मंगलम कॉलोनी कृष्णा नगर थाना खजराना इंदौर ने थाना अमरकंटक में दी इस पर मर्ग क्रमांक 9 धारा 194 बी एन एस कायम कर शव कब्जे में लेकर विवेचना की जा रही है मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाकर उसके घर को रवाना कर दिया है।

राजस्थान के आए व्यापारी युवक के नर्मदा नदी के पुष्कर बांध में डूबने से हुई मौत की विस्तृत जांच कार्यवाही में अमरकंटक पुलिस थाना के नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह यादव तथा भगवान सिंह एवं प्रधान आरक्षक प्रवीण कुजूर द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही की जाने में अहम भूमिका रही।

### साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न



अनूपपुर। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन शाखा कार्यालय अनूपपुर प्रांगण में 19 मार्च को जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अध्यक्षता,मंडल समन्यक विजय अग्निहोत्री के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय पदाधिकारी आर.के. यादव डायरेक्टर अर्बन बैंक एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष डी.के.स्वाइन विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति पर कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं रामधुन भजन गाकर प्रारंभ की गई।

## गर्मी आते ही मंडराने लगे जल संकट के बादल

# कागजों के उलट धरातल की स्थिति भयावह

### हैण्डपंप उगल रहे हवा तो नल से नहीं निकल रहा जल

अनूपपुर/कोतमा।

कहने को तो शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना के अंतर्गत हर घर पानी देने की योजना पर शासन करोड़ों रुपए खर्च करते हुए पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन ठेकेदारों के द्वारा शासन के पानी जैसे जनहित कार्यों पर लापरवाही बरती जा रही है। साल साल भर ठेकेदार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है जिसके कारण ग्रामीण पानी के लिए परेशान होते नजर आते हैं। जबकि जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली के द्वारा हर बैठकों में नल जल योजना के कार्यों की समीक्षा की जाती है और साफ तौर पर विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिया जा रहा है कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल की स्थिति को जांचने के लिए धरातल पर जाकर जायजा ले यदि ठेकेदार के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं।

### नही शुरू हुआ नल जल योजना

जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लामाटोला के मुढधोबा टोला में आज भी ग्रामीण पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 1 साल से ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के तहत पाइपलाइन का विस्तार तो कर दिया गया है साथ ही बोर भी कर दिया गया है लेकिन ठेकेदार के द्वारा आज तक नल जल योजना का संचालन नहीं किया गया है।



### नहीं हुआ अभी तक संचालित

ग्राम मुढधोबा टोला में ठेकेदार के द्वारा 1 साल से नल जल योजना के तहत पाइपलाइन का विस्तार तो कर दिया गया और बोर भी कर दिया गया है। कनेक्शन अभी तक चालू नहीं किया गया अभी तक यह कहां जा रहा था कि जो ट्रांसफार्मर लगा है उसका पावर सही नहीं है जिसके कारण नल जल योजना संचालित करने में परेशानी आ रही है। लेकिन 20 दिन हुए ग्राम पंचायत के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर पहले 25 के वी का ट्रांसफार्मर लगा था उसे बढ़ाते हुए 63 के वी का ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है उसके बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा कनेक्ट मोटर में बिजली का कनेक्शन नहीं जुड़ पाया जा रहा है जिसके कारण आज तक नल जल योजना का लाभ हमें नहीं मिल पा रहा है। लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर के लिए एस्टीमेट भी तैयार करवा दिया गया है लेकिन आज तक विभागीय ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया जा रहा है जिसके कारण भी परेशानी हो रही है।

### हैंड पंप भी नही दे रहे पानी

कहने को तो मुढधोबा टोला में तीस से चालीस घर है जिनकी आबादी लगभग दौ सौ के करीब है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे टोला में लगभग छः हैंडपंप है जिसमें मात्र तीन हैंडपंप ही सही ढंग से चल रहे हैं। उनमें से भी सही ढंग से पानी नहीं निकल रहा है। हमारे यहां गर्मी शुरू होते ही जलस्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। हमारे टोला के लोग हैंड पंप के पानी पर ही आश्रित है। वह भी जब बिगड़ जाता है तो हमारे सामने पानी की विकराल समस्या खड़ी हो जाती है।

### इन्होंने सुनाई आपबीती

मुढधोवा टोला निवासी अनिता पटेल ने कहा कि हमारे टोला में पानी की बहुत समस्या है नल जल योजना के तहत पाइपलाइन के साथ ही बोर भी कर दिया गया लेकिन ठेकेदार के द्वारा आज तक नल जल योजना चालू नहीं किया गया जिसके कारण हम लोग पानी के लिए काफी परेशान होते हैं गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और यदि नल जल योजना शुरू नहीं किया गया तो हमारे सामने पानी की भीषण समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्रामीण भूपचंद पटेल ने बताया कि हम लोगों के मोहल्ले में लगभग 6 हैंड पंप लगे हैं जिनमें से तीन हैंडपंप भी चालू हालत में है उसमें से भी घंटों मसक्कत के बाद पानी निकलता है। हमारे गांव में जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण हम लोग हैंड पंप पर ही निर्भर हैं नलजली योजना का लाभ हमें नहीं मिल पा रहा है। बुद्धेश्वरी पटेल ने बताया कि 1 साल से ठेकेदार के द्वारा हमारे टोला में पाइपलाइन तो बढ़ा दिया है एवं बोर भी कर दिया है लेकिन बिजली का कनेक्शन नहीं किया है जिसके कारण हमें शासन के हर घर जल योजना के तहत लाभ नहीं मिल पा रहा है गर्मी का मौसम भी शुरू हो गया है और हमारे सामने जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।

### इनका कहना है

मैं आज ही ठेकेदार से बात करता हूं 2 दिन के अंदर ट्रांसफार्मर से मोटर में बिजली का कनेक्शन करवाते हुए नल जल योजना संचालित करवाने के निर्देश देता हूं।

**दीपक साहू, एसडीओ**
**जल जीवन मिशन विभाग कोतमा**

## एक हाथी फिर पहुंचा एमपी के बॉर्डर में
## फिर अनूपपुर जिले में आने की बनी आशंका

अनूपपुर।

एक बार फिर एक हाथी अपने समूह से अलग होकर विचरण करता हुआ गुरुवार की सुबह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल, वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है जिसके एक बार फिर से अनूपपुर जिले में प्रवेश करने की संभावना बन रही है। यह एक अकेला एक दांत वाला नर हाथी जो अपने एक और साथी के साथ विगत दिसम्बर, जनवरी, फरवरी माह में 46 दिन तक अनूपपुर जिले में विचरण करने बाद 7 फरवरी को छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल से कटघोरा वन मंडल में स्थित अपने 50 हाथियों के समूह में मिल कर विचरण कर रहा था जिसमें से एक हाथी जो एक दांत वाला नर हाथी है विगत 17 मार्च को अकेला विचरण करता हुआ कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र में विचरण करता हुआ मरवाही वन मंडल में प्रवेश कर निरंतर विचरण कर रहा था जो 19 मार्च को एक बार फिर मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया के जंगल में बुधवार को दूसरे दिन विश्राम करने बाद देर रात विचरण करता हुआ चार घरों में तोड़फोड़ कर तीन किसानों के खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते हुए 20 मार्च की सुबह मरवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट के ग्राम घिनौची, डड़िया के जंगल कक्ष क्रमांक 2039 में पहुंचकर पहाड़ में विश्राम कर रहा है यह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं बीट चोलना की सीमा से 3 से 4 किलोमीटर दूर पर स्थित है यही रास्ता विगत कई वर्षों से हाथियों के आने एवं जाने का होने के कारण फिर से आने की संभावना व्यक्त किया रही है कि गुरुवार की रात एक बार फिर से अनूपपुर जिले में प्रवेश कर विचरण करेगा, लगभग 41 दिन बाद फिर से हाथी के आने की सम्भावना से जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्रामीण परेशान हो सकते हैं वनविभाग के द्वारा एक अकेला हाथी के आने की संभावना को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश एवं सतर्कता बरतते हुए तैयारी में लगा हुआ है वही प्रभावित ग्राम पंचायतो को भी ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत करने हेतु कहा गया है।

## फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर आज से जिला कांग्रेस करेगी अनिश्चितकालीन अनशन पर

### जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने नगरवासियों से की सहयोग की अपील

अनूपपुर।

जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज की लगातार लेट लतीफी को लेकर कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन दिया गया है। जिसके तहत आज 21 मार्च 2025 से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रारंभ किया जा रहा है।जिसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने बताया कि दो दशक से बहुप्रतीक्षित रेल्वे फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य प्रारंभ है। उक्त फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते अनूपपुर शहर दो भागों में विभाजित हो गया है। जिससे बाजार व लाइन पार का संपर्क टूट सा गया है। जिसके कारण दोनों ओर के व्यापारियों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लाइन पार जिला चिकित्सालय, जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय तथा महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों के कारण नागरिकों सहित दूर दराज से आने जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की आवश्यकता है।



जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि समिति तथा नागरिक समाज द्वारा बार-बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, आवेदन तथा अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया।किंतु आज तक कोई सकारात्मक पहल जिला प्रशासन व जन प्रतिनिधियों द्वारा नहीं की जा रही है।उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति,नागरिक समाज,समाज सेवी संस्थान, ऑटो रिक्शा चालक व किसान मजदूरो के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी अपने पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस थाना अनूपपुर के सामने आज 21 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रारंभ करेगी। जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने पूरे अनूपपुर शहर के निवासियों से अपील की है कि आज से प्रारंभ हो रहे अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन को अपना पुरजोर समर्थन दे। जिससे फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो सके।

## करोडों के भ्रष्टाचार के आरोपी कृषि विभाग का उपसंचालक निलंबित

**अनूपपुर।** प्रदेश शासन ने उपसंचालक कृषि अनूपपुर जिला मुख्यालय एन.डी.गुप्ता को निलंबित कर दिया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल ने एन.डी.गुप्ता, उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति,जिला अनूपपुर के विरूद्ध डी.एम.एफ.से प्राप्त राशि का दुरूपयोग पाए जाने के कारण कलेक्टर, जिला अनूपपुर म.प्र. के पत्र क्रमांक 3194/अ.कले./शिका./जॉच/2024, दिनांक 16/07/2024 द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। अतः राज्य शासन एतद् द्वारा एन.डी.गुप्ता, उप संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति,जिला अनूपपुर को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जबलपुर संभाग जबलपुर रहेगा। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिन्होंने उनकी मांग पर सही समय पर सही निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को अनूपपुर जिले में पनाह नहीं दिया जाएगा।

## पवित्र नगरी अमरकंटक के जंगलों में जान बूझकर लगाई जा रही आग, कपिल संगम वन क्षेत्र में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के जंगलों में विगत कई दिनों से सोची समझी साजिश एवं रणनीति के तहत जानबूझकर आग लगाई जा रही है। इससे छोटे छोटे शिशु पौधे तथा जंगली जीव जंतु जलकर प्रभावित हो रहे हैं इससे यहां की पर्यावरणीय फिजा प्रभावित हो रही है विगत दिनों नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 थाना के बगल एवं क्रीडा परिषद के पीछे जंगल में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई थी सैकड़ो हेक्टर की वन भूमि में आग लग गई थी हालांकि जनहानि एवं पर संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन आज दिनांक नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 कपिल संगम के वन्य क्षेत्र



में एक व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगा दी गई उससे लगे सटे जगह पर भारी संख्या में गरीब लोगों का कच्चा मकान घर झोपड़ी आदि बने हुए हैं इससे कोई अप्रिय घटना हो सकती थी आग लगने से अमरकंटक नगर कपिल संगम एवं जमुना दादर में धुआ धुआ हो गया नगर के जागरूक नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता वन विभाग का अमला तथा नगर परिषद अमरकंटक का फायर ब्रिगेड ने दोनों छोर से आग बुझाने की कार्यवाही की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कोई बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी सैकड़ो की संख्या में झोपड़ी मकान जल जाते। कपिल संगम क्षेत्र में लगी आग पर बुझाए जाने में वन विभाग बीट गार्ड जियालाल राठौर, दिनेश साहू, शिव खैरवार, संतोष मांझी, उद्यान अधीक्षक तिवारी तथा नगर परिषद के फायर ब्रिगेड फाइटर की अहम उल्लेखनीय भूमिका रही।

# प्रकृति की गोद में रंगोत्सव का आयोजन सराहनीय - कलेक्टर हर्षल पंचोली

# रंगोत्सव अनूपपुर-2025 होली मिलन समारोह में जमकर थिरके लोग

अनूपपुर।

प्रकृति की गोद में होली मिलन का रंगोत्सव -2025 का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाई चारा बढता है, स्नेह बढता है और यह विकसित अनूपपुर के लिये मददगार साबित होगा। अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा रंगपंचमी के पावन अवसर पर मिड वे ट्रीट किरर (राजेन्द्रग्राम) में जिला स्तरीय रंगोत्सव- 2025 का आयोजन 19 मार्च बुधवार की शायं किया गया। अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं जिले भर से आए गणमान्य लोगों ने जम कर रंग - गुलाल लगाया और एक दूसरे को बधाईयां दीं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों के समक्ष उपरोक्त विचार रखते हुए कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि जिला विकास मंच द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन सराहनीय है। ऐसे आयोजनों में आपसी संवाद और मेल जोल से समाज मे समरसता और आपसी भाई चारा को बढावा मिलने से छोटी मोटी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। उन्होंने रंगोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों और जिला वासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए जिले के विकास मे सहयोगी बनने की अपील की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने रंगोत्सव 2025 के आयोजन के लिये जिला विकास मंच की सराहना करते हुए कहा कि सुरम्य स्थान पर होली मिलन का कार्यक्रम बेहतरीन आयोजन है। आप , हम सब




लोग इसका आनंद लें। उन्होंने होलिका का उदाहरण देते हुए कहा कि आपके पास शक्ति हो और आपका भाई राजा हो और आप गलत रास्ते पर चलोगे तो सर्वनाश ही होगा। इसलिए कभी गलत रास्ते पर ना चलें। उन्होंने रंगोत्सव के माध्यम से जिला वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण करके एवं माथे पर रोली तिलक लगा कर किया गया। कलेक्टर श्री पंचोली और पुलिस अधीक्षक श्री रहमान के साथ सभी ने शालीनता और पूरे उल्हास के साथ गुलाल - अबीर लगा कर जमकर रगोत्सव मनाया। इस अवसर पर मेडियारास सुगम संगीत मंडली द्वारा आकर्षक और कर्ण प्रिय फाग गायन किया गया। कार्यक्रम मे सह भोज का आयोजन भी किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने दी रंगपंचमी की बधाई

मप्र शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह एवं पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह विधानसभा सत्र के कारण भोपाल मे थे। इसी प्रकार से सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह दिल्ली में होने के कारण कार्यक्रम मे शामिल नही हो सके। उक्त जनप्रतिनिधियों ने जिला एवं क्षेत्र वासियों को रंगोत्सव रंगपंचमी की शुभकामनाएँ प्रदान की हैं।

### रंगोत्सव में जमकर थिरके लोग

अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा आयोजित रंगोत्सव - 2025 के रंगारंग कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरीशंकर शर्मा, नायब तहसीलदार के पी मिश्रा, एरिया आर्गनाईजर जिला पंचायत संतोष करचाम, थाना प्रभारी वीरेन्द्र वरकडे, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, रंजीत सर्राटी, नगरपालिका अध्यक्ष सुनील चौरसिया,भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेन्द्र सोनी, जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम चंद यादव, जिला विकास मंच के संयोजक मनोज द्विवेदी, डा देवेन्द्र तिवारी, अमरकंटक मृत्युंजय सेवा आश्रम से समाजसेवी योगेश दुबे जी, राधेश्याम उपाध्याय, श्रवण उपाध्याय, डा देवेन्द्र तिवारी, मनोज मिश्रा, शिवरतन वर्मा, दीपक पटेल, रामनारायण उर्मलिया, अरविन्द मिश्रा, कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, वेद प्रकाश द्विवेदी, डा राज पाण्डेय, सुभाष मिश्रा, सुनील पप्पू कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा, प्रियम शुक्ला, जीवेन्द्र मानू तिवारी, आदर्श मिश्रा श्यामनारायण राठौर , भूपेंद्र कुशवाहा , राजेश वर्मा मण्डल अध्यक्ष कोतमा ग्रामीण, लक्ष्मी चौधरी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति,दिलीप सिंह, शिवेंद्र सिंह, नितिन सिरौटिया, जीतेंद्र भट्ट , नान्हू गुप्ता, टिंकू उपाध्याय, अशोक केशरवानी,उमाशंकर पटेल, जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शिवहरे, मनोज शुक्ला, राजेश शुक्ला, रामबाबू चौबे, आदर्श दुबे, राजेश शुक्ला, राजेश पयासी, चैतन्य मिश्रा, अमित शुक्ला, रमाकांत शुक्ला,आकाश नामदेव, अमित श्रीवास्तव, रजनीश तिवारी, उमाशंकर पटेल, नीरज द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, राजेन्द्रग्राम के वरिष्ठ पत्रकार रमेश तिवारी, ज्ञानचंद जायसवाल, पुष्पेन्द्र रजक, आशुतोष सिंह,पूरन चंदेल, अजय जायसवाल, राजन सिंह, मनीष अग्रवाल, आशीष सेन, राजनारायण गौतम, लवकेश जायसवाल ,अवनीश जी, इंजीनियर अमितेष द्विवेदी, मुकेश कुशवाहा,नारायण पटेल,विमल कुशवात, कंचन के साथ अनूपपुर, अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम, जैतहरी, चचाई, कोतमा, बिजुरी, राजनगर से अन्य लोगों ने रंगोत्सव अनूपपुर-2025 के रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर होली की शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए फाग के साथ अतिथियों को रंग ,अबीर, गुलाल लगाते हुए सभी लोग जमकर थिरके।